## खबर संक्षेप

### 1 जुलाई से लिए जायेंगे नाम निर्देशन पत्र

**कटनी।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) के निर्वाचन की अधिसूचना के अनुसार कटनी जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच पद के निर्वाचन में संपूर्ण पंचायत एवं पंच पद के निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें पंचायत उप निर्वाचन के नामनिर्देशन प्राप्त करने की कार्यवाही मंगलवार 1 जुलाई प्रातः 10.30 बजे से मंगलवार 8 जुलाई अपरान्ह 3 बजे तक नियत की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार जिले की जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बडखेरा के वार्ड क्रमांक 09 एवं बकलेहटा के वार्ड क्रमांक 05, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम बरेली रामपुर के वार्ड क्रमांक 07 एवं ग्राम पंचायत भमका के वार्ड क्रमांक 03, ग्राम पंचायत कछारगांव बडा वार्ड क्रमांक 05, ग्राम पंचात इटौली वार्ड क्रमांक 08, ग्राम पंचायत सैलारपुर वार्ड क्रमांक 06, जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत कूडो के वार्ड क्रमांक 11, ग्राम पंचातयत खमतरा के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द के वार्ड क्रमांक 14, ग्राम पंचायत हदरहटा वार्ड क्रमांक 07, ग्राम पंचायत विलायतखुर्द के वार्ड क्रमांक 01, ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 04, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पहरूआ के वार्ड क्रमांक 06, ग्राम पंचायत सलैया कुंआ के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत घुनौर के सरपंच पद एवं ग्राम पंचायत कारीतलाई के वार्ड क्रमांक 07 हेतु नामनिर्देश प्राप्तम करने की कार्यवाही की जाएगी।

### नगर पंचायत बरही की उपयंत्री अपेक्षा वर्मा निलंबित

**कटनी।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कटनी जिले की नगर परिषद बरही में पदस्थ उपयंत्री सुश्री अपेक्षा वर्मा को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया है। नगरीय प्रशासन आयुक्त ने पिछले दिनों जबलपुर में संभाग के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में योजनाओं और निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की थी। समीक्षा बैठक के दौरान उपयंत्री सुश्री वर्मा के क्षेत्र में निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने के प्रकरण सामने आये थे। जाँच के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने उनके निलंबन संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। निलंबन अवधि में सुश्री वर्मा का मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास कार्यालय जबलपुर रहेगा।

### एसपी ने चार बदमाशों पर 10 दस हजार रूपए ईनाम किया घोषित



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा ने लूट की वारदात घटित करने के बाद फरार हुए चार शातिर बदमाशों पर नगद इनाम की घोषणा की है। चारों आरोपियों के संबंध में किसी भी तरह की सूचना देने और उन्हें गिरफ्तार करवाने में मदद करने वाले व्यक्ति को नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक बूढ़ा देवगांव निवासी 23 वर्षीय उजाले पिता बाबू पारधी, मदार टेकरी हरदुआ निवासी 20 वर्षीय टीच पिता मालिश पारधी, ग्राम सुगवा थाना रीठी निवासी 21 वर्षीय पंजाब उर्फ आयुष पिता करदा सिंह पारधी एवं मदार टेकरी हरदुआ निवासी 25 वर्षीय राजापिता रानू पारधी गंभीर कृष्ण की वारदात को घटित करने के बाद से ही फरार हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। अब तक आरोपियों के गिरफ्तार न हो पाने के कारण पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा के द्वारा उक्त सभी चारों बदमाशों पर 10-10 हजार रुपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। चारों बदमाशों के संबंध में किसी भी तरह की सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

### लाल बहादुर शास्त्री वार्ड कुठला बस्ती में 21 घंटे बाद भी विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकी चालू

# पूरी रात बंद रही बिजली, लोगों की नींद हुई हराम, पेयजल के लिए भी भटकाव

शहर में बिजली व्यवस्था से लोग खासे परेशान है। उमस भरी गर्मी में दिन तो छोड़िए रात में भी राहत नहीं मिल पा रही है। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के कुठला बस्ती में बीती रात करीब 12 बजे अचानक से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई जो सारी रात बंद रही। सुबह से विद्युत कर्मचारी सुधार कार्य में जुटे रहे लेकिन देर रात करीब 9 बजे तक आपूर्ति चालू नहीं हो पाई। बिजली नहीं होने से न सिर्फ लोगों को रतजगा करके रात काटनी पड़ी बल्कि सुबह से पेयजल के लिए भी यहां वहां भटकना पड़ा।




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दरअसल रात्रि में कुठला बस्ती के अंदर दालमिल के समीप लगा एक जामुन का पेड़ शुक्रवार की रात करीब 11 से 12 बजे के बीच अचानक धराशायी हो गया। पेड़ गिरा तो विद्युत लाइन टूट गई तथा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। बिजली आपूर्ति बाधित होते हुए लोग घरों से बाहर निकले तो पता चला कि पेड़ गिरने से विद्युत तारें टूटकर बिखरी पड़ी हैं। इसकी सूचना वार्ड पार्षद एवं नागरिकों ने विद्युत विभाग को दी। बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। रात भर बिजली आपूर्ति ठप रही। गर्मी से हलाकान लोग रात भर जागते रहे। गर्मी एवं मच्छरों के चलते नींद भी नहीं आई। शनिवार की सुबह विद्युत विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पहुंचे और सुधार कार्य में जुटे। पेड़ को हटाने में ही दोपहर बीत गई।

#### 21 घंटे बाद भी नहीं हो पाया सुधार

पेड़ गिरने के बाद से बंद हुई विद्युत आपूर्ति 21 घंटे बाद भी (रात्रि करीब 9 बजे) तक चालू नहीं हो सकी। ट्रांसफार्मर में सुधार कार्य चालू रहा। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना था कि दो से तीन घंटे में बिजली सप्लाई चालू हो जाएगी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली नहीं होने से लोगों के मोबाइल ठप पड़े रहे। लोगों ने अपने परिचितों के पास जाकर मोबाइल चार्ज किये। बिजली नहीं होने से लोगों के घरों सबमर्सिबल पंप चालू नहीं हो सके। सरकारी एवं निजी हैंण्डपंपों से पानी भरकर रहवासियों ने गुजारा किया। शुक्रवार की पूरी रात एवं शनिवार को दिन भर बिजली नहीं होने से खासी परेशानी हुई।



## बड़वारा थाना में शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा थाना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम पर्व के मद्दे नजर आज बड़वारा थाना परिसर में बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल के नेतृत्व में गणमान्यजनों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी ने उपस्थित गणमान्य जनों से मुखातिब होते हुए कहा कि हिन्दू एवम मुस्लिम भाई मोहर्रम पर्व को आपसी प्रेम व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं जिससे दोनों समुदायों के आपसी सम्बन्ध मजबूत होते हैं, थाना प्रभारी ने कहा कि हम आपके सहयोग व सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं पुलिस आपसे मित्रवत व्यवहार रखती है।

थाना प्रभारी ने कहा कि प्रशासन आपके सहयोग के लिये सदैव सजग रहता है आप सभी त्योहारों को शांति पूर्ण माहौल में उत्साह के साथ मनाएं अशांति फैलाने की कोशिश न करें। थाना प्रभारी ने कहा कि हमें सभी त्योहार आपसी भाइचारें के साथ मनाने हैं। साथ मुस्लिम समाज के लोगों से ताजिया किस मार्ग से निकलते हैं इसके बारे में भी जानकारी ली गई।

शांति समिति की बैठक में हाफिज मोहम्मद जमील, जनपद सदस्य सुनील सिंह, मोहम्मद हामिद, शान मोहम्मद, आबिद खान, महेंद्र कुमार नायक, ललन सिंह, ओमकार सिंह, मोहम्मद आशिक, नागेंद्र कोल, राजेश चौधरी, झल्लू सोनी, अरुण निगम, रवि कचेर, एनडी तिवारी, डब्लू शर्मा, घन्नु शर्मा व गणमान्य जन मौजूद रहे।

### 1 जुलाई से पुनः दिया जाएगा सिटीजनशिप स्किल्स का प्रशिक्षण

## डाइट में पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों को दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय एवं राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान के निर्देश पर प्राचार्य श्रीमती एम पी डुँगडुँग के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

डाइट की पीएम श्री प्रभारी श्रीमती कल्पना खरे ने बताया की पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों को 21वीं सदी के कौशल एवं सिटीजनशिप स्किल पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण दो चरणों में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर यशवंत सिंह नेगी, प्रज्ञा महलगमैया, मेहरुन्निसा अंसारी द्वारा वैश्विक शैक्षिक परिदृश्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अधिगम कौशल, संप्रेषण कौशल, साक्षरता कौशल, सूचना साक्षरता, प्रौद्योगिकी, जीवन कौशल, नेतृत्व, सामाजिक कौशल, उत्पादकता, जवाबदेही, 21वीं सदी के कौशल और भारतीय चिंतन आदि विषयों पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। वहीं साइट सेवर संस्था से प्रमेश कुमार पटेल द्वारा डाइट मे स्थापित संसाधन कक्ष में शिक्षकों को ले जाकर दिव्यांग बच्चों हेतु प्रयुक्त होने वाली शिक्षण सहायक सामग्री तथा क्रीड़ा समग्री से भी अवगत कराया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक राजेश अग्रहरि और विकासखंड कटनी की सहायक संचालक धनश्री जैन द्वारा इस प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। आगामी 1 जुलाई से सिटीजनशिप स्किल्स पर पुनः पांच दिवसीय प्रशिक्षण दो चरणों में दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में डाइट फैकेल्टी राजेंद्र असाटी, राकेश सिन्नरकर, ज्योति श्रीवास्तव एवं उमाशंकर सैनी का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## डीईओ ने किया निरीक्षण, बच्चों को बांटी पुस्तकें



जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह शनिवार को सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उमरियापान के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुँचे ।इसकी जानकारी लगते ही अन्य स्कूलों में हड़कंप मच गया ।बाजारों में घूम रहे शिक्षक स्कूलों में जा पहुँचे ।सांदीपनी विद्यालय पर उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण किया ।विद्यार्थियों और शिक्षकों से चर्चा किया ।पुस्तकालय को देखा ।कक्षाओं में हो रहे मरम्मत कार्य का जायजा लिया। विद्यालय में हो रहे नामांकन की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने एक पेड़ मा के नाम पर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। विद्यालय में हो रहे बदलाव को लेकर उन्होंने प्रशंसा जाहिर की। इस मौके पर प्राचार्य मुकेश पटेल, रामनारायण पटेल, एस.सी. गुप्ता, मोहम्मद मंसूरी, सुरेश चौधरी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



सामूहिक वैश्य समाज के द्वारा उमरियापान में श्री जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा निकाली गई।बहन सुभद्रा और बलदाऊ के साथ जगत के पालन हार रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। मचखण्डा मोहल्ला स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। भगवान से क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों ने जय जय जगन्नाथ और जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ का उद्घोष किया।पूजन उपरांत मंदिर से रथयात्रा निकाली गई जो प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर बड़ी माई मंदिर और हनुमान मंदिर होकर डोली मोहल्ला स्थित जगदीश स्वामी मंदिर पहुचीं। यहां जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने भगवान की भव्य आगवानी की गई। भगवान का रथ खींचने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की झांकी के अलावा भगवान भोलेनाथ-पार्वती और हनुमान जी की झांकी भी शामिल रही। रथयात्रा में ढ़ोल तांसे के साथ नृत्य करता डमरू दल आकर्षक का केन्द्र रहा।

भजन गायक सत्येन्द्र असाटी के भजनों में बारिश की बौछारों में भी श्रद्धालु डीजे साउंड की धुन में नृत्य करते हुए चल रहे थे।

## महापौर ने कर्बला शरीफ एवं दिलावर चौक का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर में 7 जुलाई तक चलने वाले मुस्लिम समुदाय के मोहर्रम पर्व एवं आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में नगर निगम द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें मदन मोहन चौबे वार्ड एवं गाटर घाट स्थित कर्बला शरीफ सहित मिशन चौक दिलावर मैदान पहुंचकर लिया। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड एवं गाटर घाट स्थित कर्बला शरीफ का कमेटी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में निरीक्षण कर एप्रोच रोड को दुरुस्त करने सहित मदन मोहन चौबे वार्ड की घाट की सीढ़ियों का सुधार करानें, दोनों स्थलों में कुंड की व्यवस्था कराने व अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्था को निर्धारित समय के पूर्व पूर्ण करानें के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहकर व्यवस्थाओं पर स्वयं निगरानी रखने, नगर निगम द्वारा कर्बला शरीफ एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश एवं अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

इसके पूर्व महापौर सूरी द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित कर्बला शरीफ में चादर पोशी कदम बोसी कर नगरवासियों के सुख समृद्धि सहित नगर विकास की कामना की गई। महापौर प्रीति सूरी ने कमेटी के सदस्यों के साथ मिशन चौक पहुंचकर दिलावर चौक मैदान सहित जुलूस मार्ग, अखाडा स्थल, ताजिया मार्ग, गोल जुलूस मार्ग का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैदान की साफ-सफाई सहित आसपास के अतिक्रमण हटानें, जुलूस मार्ग में झूल रहे विद्युत के तारों को व्यवस्थित करनें, पर्याप्त साफ-सफाई करवाने, मच्छरों पर नियंत्रण हेतु फॉगिंग मशीन से धुआं कराने, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव, चूने की लाइनिंग प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था, एवं आवारा पशुओं को पकड़ने आदि कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

### सिपरी सॉफ्टवेयर की माध्यम से किया गया है अमृत सरोवरों का स्थल चयन

## जिले के 18 अमृत सरोवर पहली बारिश में ही पानी से हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में करीब 4 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत से 18 अमृत सरोवर निर्माणाधीन है। इनमें से कुछ पूर्ण हो गये हैं और कुछ का कार्य पूर्णता की ओर है। इन अमृत सरोवरों का स्थल चयन वैज्ञानिक पद्धति से सिपरी साफ्टवेयर की मदद से किया गया है। बारिश की बूँदों को सहेजने के लिए बन रहे सभी अमृत सरोवर मानसून की पहली बारिश में ही पानी से लबालब हो गए हैं। इन अमृत सरोवरों के निर्मित होने से जहां आस-पास के भू-जल स्तर में इजाफा होगा। वहीं अमृत सरोवरों से लगी हुई जमीन के किसानों के सैकड़ों एकड़ भूमि भी सिंचित हो सकेगी। इसके अलावा अमृत सरोवर का जल लोगों के रोजमर्रा के निस्तार और वन्य प्राणियों व मवेशियों की प्यास बुझाने में भी उपयोगी साबित होगा।

#### बारह महीने रहेगा पानी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में टिकरिया ग्राम में बना 24 लाख रूपये की लागत से बना अमृत सरोवर में पहली बारिश में ही पर्याप्त पानी बह गया है। जिस स्थल चयन कुछ इस प्रकार किया गया है कि टिकरिया गांव से लगे पहाड़ो से बारिश का पानी दो नालों के जरिए हर साल बह जाता था। लेकिन अब व्यर्थ बह जाने वाला पानी अमृत सरोवर में संरक्षित होगा और बारहमासी पानी की उपलब्धता रहेगी।

विकासखंड ढीमरखेड़ा के जनजातीय बाहुल्य ग्राम दादर सिहुड़ी में ग्रामीणों की जनभागीदारी और मानव जीवन विकास समिति के संयोजन से बना तालाब भी पानी से लबालब भर गया है। पर्यावरणविद् एवं समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि समिति द्वारा 85 हजार रूपये की लागत से दादर सिहुड़ी के तालाब का नवीनीकरण किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा ट्रैक्टर का सहयोग मिला । इसके अलावा मेढ़ बंधान के कार्य में 30 ग्रामीणों ने एक सप्ताह तक श्रमदान किया। दादर सिहुड़ी में उपलब्ध यह एक मात्र तालाब है जो गर्मी के दिनों में मवेशियों और लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करता है।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि सिपरी (सॉफ्टवेयर फॉर आइडेंटीफिकेशन एंड प्लानिंग ऑफ रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर) सॉफ्टवेयर एक उन्नत तकनीक का सॉफ्टवेयर है, जिसे महात्मा गांधी नरेगा, मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल द्वारा एमपीएसईडीसी और इसरो के सहयोग से तैयार कराया गया है। इस साफ्टवेयर का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के लिए उपयुक्त स्थलों की सटीक पहचान कर गुणवत्तापूर्ण संरचनाओं का निर्माण सुनिश्चित करना है। साथ ही यह भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित वैज्ञानिक पद्धतियों से जल सरंचना स्थलों के चयन को अधिक सटीक बनाता है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा परिषद द्वारा एक प्लानर ऐप बनाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है मनरेगा के उद्देश्यों एवं प्रावधानों का पालन कराते हुए कार्ययोजना को आसान तरीके से बनाया जाना। ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर लिए जाने वाले कार्यों की वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जाती है। मध्यप्रदेश इस तरह का नवाचार करने वाला देश का पहला राज्य है।

## छेड़छाड़ के आरोपी को एक साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला के साथ छेड़छाड़ के प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने आरोपी को 1 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।मामला बीते 8 साल पुराना है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विनोद सिंह लोधी ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 फरवरी 2017 को दोपहर करीब 1 बजे एक महिला अपने घर से खेत रही थी। इस दौरान मनोज पिता झुन्नीलाल लोनी (40) खेत की मेढ़ में महिला को बुरी नियत से पकड़ लिया। महिला के चिल्लाने पर वह भाग गया। पीड़िता ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। मामला न्यायालय में चल रहा था। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी युवक को धारा 354 के अपराध में एक साल का सश्रम कारावास और दो हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

### बका लेकर घूमते युवक को पकड़ा

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने बका लेकर घूमते हुए पकड़ा। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि मुकेश पिता राजेंद्र मेहरा 26 साल निवासी ग्राम हरदी को धारदार बका के साथ गिरफ्तार कर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश से आरोपी को जिला जेल कटनी में दाखिल किया गया।

खबर संक्षेप



## संकट मोचन आश्रम जगन्नाथ धाम से निकली रथ यात्रा

**विजयराघवगढ़।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रृद्धा उल्लास से निकाली गई। संकटमोचन आश्रम जगन्नाथ धाम में विधि विधान से पूजा अर्चना उपरांत रथ यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने सहभागिता दर्ज कराई। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा नगर के मुख्यमार्ग से होती हुई पंचमठा धाम पहुंची जहां भगवान गणेश की पूजा अर्चना उपरांत यात्रा का समापन किया गया। रथ यात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में जगह जगह धार्मिक आयोजन हुए। किला के पीछे स्थित कष्ट भंजन हनुमान मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना हुई और हनुमान जी महराज की महाआरती हुई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। संदीप मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि महाआरती के बाद भंडारा प्रारंभ हुआ जो शाम तक जारी रहा। भंडारे का प्रसाद लेने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में एड रामसुजान सोनी, अनिल त्रिपाठी, सुशील कुमार मिश्रा, पार्षद रमाकांत तिवारी, घनश्याम ताम्रकार, बाबा त्रिपाठी, अजय मिश्रा, अवि आशुतोष मिश्रा, अमित मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, अंशु मिश्रा, अरविंद बड़गैयां, गुड्डु बड़गैयां, सुरेंद्र दुबे, पंडित जोगेश्वर मिश्रा, संता विश्वकर्मा, सत्यम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने सहभागिता दर्ज कराई।

## सालों से फरार चल रहे वारंटी को पकड़ा

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ वीरेंद्र धार्वे के व्दारा लगातार अपराध एवं अपराधियो की धडपकड हेतु निर्देशित किया गया है। प्राप्त निर्देशों के तहत एनडीपीएस एक्ट के मामले में लम्बे समय से फरार आरोपी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आशीष कुशवाहा पिता स्व. कामता प्रसाद कुशवाहा 26 साल निवासी खामदाढ थाना व्योहारी जिला शहडोल मप्र की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। उक्त आरोपी की तलाश के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मामले का आरोपी खांमदाढ में अपने घर में देखा गया है। सूचना पर उसके गृह ग्राम खामदाढ व्योहारी जिला शहडोल से आरोपी आशीष कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, प्रआर अजय पाठक, आर.गिरवर सिंह थाना बरही एवं साइबर सेल कटनी से आर. अजय व सत्येन्द्र की भूमिका रही।

## शासकीय हाई स्कूल मझगवां फाटक में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



**कटनी।** राज्यर शासन द्वारा पौधारोपण के लिए जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीपी सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालयों में भी अभियान के तहत पौधे रोपे जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को शासकीय हाई स्कूल मझगवां फाटक में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार प्यासी के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधे रोपे। साथ ही इस पौधारोपण की छवियां वायुदूत एप में अपलोड की।

### कलेक्टर ने पंचायतों के उप निर्वाचन के मद्देनजर जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

# 6 जनपद पंचायतों के 16 वार्डों में उप चुनाव के लिए जारी किये गए प्रतिबंधात्मक आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्ध) के लिये घोषित निर्वाचन की वजह से आदर्श आचरण संहिता लागू होने के परिपेक्ष्य में निर्वाचन अवधि में चुनाव प्रचार-प्रसार, रैली, सभा आदि के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन करने के लिये साम्प्रदायिक सद्भाव, लोक व्यवस्था बनाये रखने के लिये जनहित में समुचितं प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टवर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अधीन प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किया गया है।

इसके तहत आदर्श आचरण संहिता लागू रहने तक के लिये उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्ध) हेतु कटनी जिले के जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बडखेरा के वार्ड क्रमांक 09. एवं बकलेहटा के यार्ड क्रमांक 05, जनपद पंचायत दीमरखेडा के ग्राम बरेली रामपुर के वाई क्रमांक 07 एवं ग्राम पंचायत भमका के वार्ड क्रमांक 03, ग्राम पंचायत करारगांव बड़ा यार्ड क्रमांक 05, ग्राम पंचायत इटौली वाई क्रमांक 08, ग्राम पंचायत सैलारपुर वार्ड क्रमांक 06, जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत कुड़ो के वार्ड क्रमांक 11, ग्राम पंचायत खमतरा के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द के वार्ड क्रमांक 14. ग्राम पंचायत हदरहदा वार्ड क्रमांक 07, ग्राम पंचायत विलायतखुर्द के वार्ड क्रमांक 01, ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 04, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पहरुआ के वार्ड क्रमांक 06, ग्राम पंचायत सलैया कुंआ के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई के वार्ड क्रमांक 07 के पंच पद हेतु वार्ड की सीमा मे एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत चुनौर के सरपंच पद हेतु संपूर्ण ग्राम पंचायत की सीमा में लागू कर दिया है।

कलेक्टकर श्री यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार-प्रसार रैली, सभा स्थलो आदि में किसी भी प्रकार के घातक अस्त्रच-शस्त्रघ जैसे जानमाल सुरक्षा हेतु स्वीकृत शस्त्र एवं फसल सुरक्षा हेतु स्वीकृत लायसेन्सो में दर्ज शस्त्रों एवं फरसा, बल्लम, तलवार, भाला, चाकू, छुरा, कुल्हाडी, गुप्ती, बरछी, त्रिशूल, इत्यादि लेकर आना-जाना अथवा उनका सार्वजनिक स्थल पर उपयोग व प्रदर्शन करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

इसी प्रकार कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति कटनी जिले के उपरोक्त रिक्त पदों के निर्वाचन में ग्राम पंचायत की वार्ड सीमाक्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी धार्मिक स्थान पर न तो आम सभा का आयोजन करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अनाधिकृत आयोजन अथवा जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारेबाजी करेगा और नहीं आपत्तिजनक पोस्टर, पम्पलेट वितरित करेगा। कोई भी राजनीतिक दल अथवा उनके द्वारा आमसभा, जुलूस, प्रदर्शन, घ्यानि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग यगैर सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति के बिना नहीं करेगा।कोई भी राजनैतिक दल अथवा कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान या शासकीय या अर्धशासकीय सम्पति स्थल, भवन भूमि परिसर, संरचना आदि का उपयोग समयाचना करने के उद्देश्य से नही करेगा एवं कोई पोस्टर, बैनर, दीवार पर लेखन, दीवार पर निर्वाचन प्रतीक दल के प्रतीक झण्डे आदि नही लगायेगा तथा किसी भी प्रकार का लेख आदि नही करेगा। इसी प्रकार निजी सम्पत्ति पर बगैर भूमिस्वामी की लिखित अनुमति के उपरोक्त कार्य नहीं करेगा।

यह आदेश एक पक्षीय पारित किया गया है। एक पक्षीय से व्यथित कोई भी व्यक्ति अपना हितबद्ध पक्ष भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (7) के अंतर्गत इस आदेश के विरुद्ध अपनी आपति या आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। संबंधित थानाप्रभारी राजस्व अधिकारी/ ग्रामीण निकायों के समक्ष अधिकारी अपने अपने कार्यालयों के सूचनापटल पर यह आदेश प्रदर्शित कर सामान्यजन एवं संबंधितों के आदेश की जानकारी प्रदान करें।

यह आदेश निर्वाचन परिणाम की घोषणा 26 जुलाई तक प्रभावशील होगा एवं जारी किये जाने की तिथि से कटनी जिले के जनपद पंचायत कटनी, बहोरीबंद, बड़वारा, ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ एवं रीठी के संबंधित सरपंच पद हेतु संपूर्ण ग्राम पंचायत की भौगोलिक सीमा तथा पंच पद हेतु ग्राम पंचायत के वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र की भौगौलिक सीमा में आचार संहिता प्रभावशील होगी।

## हाईवे लूट कांड के मुख्य आरोपी ने किये चौकाने वाले कई खुलासे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा विगत दिनों थाना कोतवाली अंतर्गत चौकी बस स्टैंड में हुई लूट के मुख्य आरोपी इतवार सिंह बहेलिया (पारधी) उर्फ चुहा पिता विजय सिंह पारधी 26 वर्ष निवासी गांधीग्राम थाना कोतवाली जिला पन्ना को 21 जून को छतरपुर से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान कई महत्वपुर्ण खुलासे किये।

आरोपी व उसके गैंग के सदस्य जिसमें टीच पारधी, रुबा पारधी सम्मिलित थे रात्रि में योजनाबध्द तरीके से रात्रि में हाईवे में यात्रा कर रहे यात्रियों को चाकू की नोक पर लूट का शिकार बनाकर उनसे नगदी, सोना-चांदी व वाहन लूटते थे व जंगलो की तरफ भाग जाते थे। थाना कोतवाली अंतर्गत चौकी बस स्टैंड में हाईवे पर हुई लूट के प्रकरण क्र. 529/25 धारा 309 (4) बीएनएस में आरोपी व्दारा महिला से सोने का लाकेट, 18000 हजार रूपये नगदी, व अन्य बैग लूटने की घटना स्वीकार किये है। आरोपी एवं उसकी गैंग द्वारा मैहर, झुकेही, अमदरा, कुठला, स्लीमनाबाद हाईवे में भी लूट की घटनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। अन्य जिलो में हुई हाईवे लूट के संबंध में जानकारियां जुटायी जा रही है। इसके अतिरिक्त आरोपी इतवार सिंह बहेलिया (पारधी) उर्फ चुहा पिता विजय सिंह पारधी उम्र 26 वर्ष निवासी गांधीग्राम, पन्ना व्दारा थाना कोतवाली जिला पन्ना के विरूध्द अप.क्र. 592/20 धारा 294,323,34,506 भादवि, अप.क्र. 224/20 धारा 420,34 भादवि, अप.क्र. 225/22 धारा 3(1),3(1)5, 3(2) homicide murder, अप.क्र. 746/21 धारा 395,397 भादवि, अप.क्र. 118/21 धारा 294,324,34,506 भादवि, थाना अजयगढ पन्ना में अप.क्र. 118/19 धारा 34 आबकारी एक्ट के मामले पंजीबध्द है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के अतिरिक्त अन्य आरोपियो की कटनी पुलिस व्दारा सरगर्मी से पता-तलाश जारी है। कटनी पुलिस व्दारा लूट गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने पारदी क्षेत्र ग्राम हरदुआ, खिरहनी, बहिरघटा, चपना, दरोडी, धौरा, छिदिया टोला, हीरापुर में कटनी पुलिस रेड कार्यवाही की जिससे लूट में इस्तेमाल हथियार एवं एवं ठगी में इस्तेमाल नकली गोल्ड बिस्किट बरामद किये गये। फरार आरोपियो के विरूध्द एसपी द्वारा ईनाम उद्घघोषणा की गई है। पुलिस की विभिन्न टीमो व्दारा फरार आरोपियो के ठिकाने में दबिश दी जा रही है।

### पाक्सो अधिनियम की जानकारी देने प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

## लैंगिक अपराधों की दी गई जानकारी, पदाधिकारियों कर्तव्यों पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (संशोधित 2021) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम चरण में सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य के उद्देश्योंक, किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत प्रावधानित संस्थागत अधोसंरचना एवं विभिन्न पर्णधारियों के कर्तव्यों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में योगेश बघेल, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, द्वारा देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के कल्याण से सम्बन्धित मुद्दों पर जानकारी साझा की गई। जबकि रामबिहारी गुप्ता, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, द्वारा विधि के सम्पर्क में आने वाले बालकों के परिपेक्ष्य में चर्चा की गई।

तदुपरांत मनीष तिवारी, बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं स्पांसरशिप योजना की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई एवं देवेंद्र गुप्ता द्वारा पॉक्सो अधिनियम के बाल मित्र प्रावधानों एवं पदाधिकारियों के दायित्वों पर प्रकाश डाला गया।

प्रशिक्षण में दुर्गेश मरैया, सदस्य बाल कल्याण समिति कटनी, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड कटनी, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारीगण, प्रभारी एवं सदस्य विशेष किशोर पुलिस इकाई कटनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी, बाल देखरेख संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं आवाज़ संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 2 घायल



विजयराघवगढ़ क्षेत्र में अनियंत्रित होकर एक कार सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गई। घटना में एक युवती और एक युवक घायल हो गए। जानकारी अनुसार कारीतलाई निवासी मनीष पटेल पिता प्रमोद कुमार पटेल और प्रतीक्षा पटेल कार क्रमांक एमपी 21 सीबी 2365 में सवार होकर विजयराघवगढ़ की तरफ जा रहे थे। जब कार आईटीआई के समीप मुख्य मार्ग से गुजर रही थी तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराई। घटना में मनीष पटेल और प्रतीक्षा पटेल दोनों को चोटें आईं। घायलों को सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उन्हें उपचार सुविधा मुहैया कराई गई। घायलों की हालत में सुधार बताया गया है।

## बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 4 शिफ्ट में 15 कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानसून सत्र के दौरान बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें एवं जान-माल की क्षति को को कम करने के उद्धेश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाकर बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी सागर नायक सहायक राजस्व अधिकारी मोबाईल नंबर 7987837151 को नियुक्त किया गया है।

### ऐसी लगाई गई ड्यूटी

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा एक आदेशानुसार बाढ़ नियंत्रण कक्ष चार शिफ्ट में कार्य करेगा। प्रथम शिफ्ट प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक, द्वितीय शिफ्ट दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक, तृतीय शिफ्ट सायं 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक तीन तीन कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। वहीं रात्रि 12 बजे से प्रातः 6 बजे तक कुल 6 कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाकर आवश्यक निर्देश दिए गए है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारी जलभराव अथवा बाढ़ से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर शिकायत पंजी में दर्ज करेंगे तथा यथासमय ही शिकायत के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को अवगत करावेंगें तत्पश्चात संबंधित अधिकारी द्वारा शिकायत का निराकरण कराया जाकर पालन प्रतिवेदन दिया जायेगा।

### निर्देशों कर करें पालन

निगमायुक्त श्री दुबे ने बाढ़ बाढ़ नियंत्रण कक्ष के कर्मचारियों को आपदा, जलभराव आदि की शिकायत प्राप्त होने पर व्हाट्सएप ग्रुप एवं दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारी को सूचना प्रेषित करने, बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संलग्न सभी कर्मचारी को अपने-अपने मोबाइल फोन हमेशा चालू रख आपस में संपर्क में रहकर समय-समय पर व्हाट्सएप ग्रुप का अवलोकन करने, बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संधारित उपस्थिति पंजी में भी सभी पालियों के कर्मचारी हस्ताक्षर करेंगे जिसका मूल्यांकन बाढ़ नियंत्रण अधिकारी एवं कार्यालय अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन करनें के साथ ही अधिकारी, कर्मचारियों को अनुशासन में रहकर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

### रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक का प्रयोग रहे पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित

## ध्वानि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंधात्मक आदेश, उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप-निर्वाचन 2025 (पूर्वाद्ध) की घोषणा की जा चुकी है। साथ ही जिले के पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक पार्टियों तथा व्यक्तियों द्वारा जुलूस, जनसंपर्क, आम सभाओं के रूप में गतिविधियां प्रारम्भ हो गई है। इसके मद्देनजर कलेक्टटर श्री दिलीप कुमार यादव ने ध्वनि विस्ताररक यंत्रों पर प्रतिबंधात्म क आदेश जारी किया है।

### इन स्थातनों पर रहेगा प्रभावी

कलेक्टयर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले की जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बडखेरा के वार्ड क्रमांक 09, एवं बकलेहटा के वार्ड क्रमांक 05, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम बरेली रामपुर के वार्ड क्रमांक 07 एवं ग्राम पंचायत भमका के वार्ड क्रमांक 03, ग्राम पंचायत कछारगांव बडा वार्ड क्रमांक 05, ग्राम पंचात इटौली वार्ड क्रमांक 08, ग्राम पंचायत सैलारपुर वार्ड क्रमांक, 06, जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत कूडो के वार्ड क्रमांक 11, ग्राम पंचातयत खमतरा के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत करौंदी खुर्द के वार्ड क्रमांक 14, ग्राम पंचायत हदरहटा वार्ड क्रमांक 07, ग्राम पंचायत विलायतखुर्द के वार्ड क्रमांक 01, ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 04, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पहरुआ के वार्ड क्रमांक 06, ग्राम पंचायत सलैया कुंआ के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत चुनौर के सरपंच पद एवं ग्राम पंचायत कारीतलाई के वार्ड क्रमांक 07 के निर्वाचन वार्डो क्षेत्रों की सीमाओं के अन्तर्गत लागू होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का दुरूपयोग होने, लोक परिशांति भंग होने तथा जिससे लोगों के मध्य विवाद की स्थिति भी निर्मित होने की संभावना है।

लोक परिशांति बनाये रखने एवं निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण परिसंचालन हेतु म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनिमयन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के तहत आदर्श आचरण संहिता लागू रहने तक की अवधि के लिये यह आदेश लागू रहेगा।

कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे इत्यादि का उपयोग या प्रदर्शन किसी आमसभा, सम्मेलन, जुलूस, कार्यक्रम, जलसा, टी.व्ही., एल.सी.डी.,एल.ई.डी या चलित वाहन में नहीं करेगा।

इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी 48 घण्टे पूर्व की सूचना के उपरान्त प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारकों के 1/4 वॉल्यूम में (ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल से अनधिक) पर अनुमति दे सकेंगे। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित रहेगा।

### गंदगी, जलभराव के चलते मच्छरजनित बीमारियां लेती हैं चपेट में

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एहतियात बरतना बेहद आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरसात का मौसम जहां खेती-किसानी के लिए अमृत समान होता है वहीं दूसरी ओर यह मौसम लोगों के लिए बीमारियों की सौगात लेकर भी पहुंचता है। बारिश के कारण जगह जगह जल जमाव की स्थिति बन जाती है। आबादी क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण मच्छरों के पनपने को मौका मिल जाता हैं। यदि साफ पानी का जमाव है तो भी और गंदे पानी का जमाव तो पहले से नुकसानदेह है। पानी में ही डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं।

बरसात के साथ इन घातक बीमारियों की भी दस्तक होती है। ऐसे में जागरूकता ही एकमात्र बचाव का रास्ता होता है। इन बीमारियों की रोकथाम के तमाम प्रयास के बावजूद मामले बढ़ते रहते हैं। खासतौर पर डेंगू व चिकनगुनिया की बीमारी ज्यादा खतरनाक साबित होती है। बारिश के दिनों में शासकीय अस्पताल हो या निजी सभी अस्पतालों में मलेरिया, वायर फीवर, डायरिया आदि के मरीजों की संख्या में इजाफा होता है।



### बच्चों का रखें विशेष ध्यान

चिकित्सकों के अनुसार बारिश में तमाम तरह के कीट पंतगों के साथ मौसमी इंफेक्शन के चांस होते हैं चूंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इस वजह से बच्चे इसके ज्यादा शिकार बन जाते हैं। बारिश में लगातार भीगने के कारण कई बच्चों को निमोनिया भी हो जाता है। सांस लेने में परेशानी होने लगती है। ऐसा होने पर डाक्टरों से तुरंत सलाह लेनी चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों को बारिश से बचाना बहुत जरूरी होता है।

### उबालकर उपयोग करें पानी

डाक्टरों का कहना है कि बारिश के मौसम में थोड़ी एहतियात बरतें तो बीमार होने से बच सकते हैं। बारिश के दौरान कुंओं से लेकर बोर के पानी की सोख बदलने से फर्क पड़ता हैं। ऐसे में उसके पानी का सेवन डायरिया का कारण बन सकता है। चिकित्सकों के अनुसार कुएं के पानी को हमेशा उबालकर ही पीना चाहिए।

### मलेरिया के लक्षण

मलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जो परजीवी रोगाणु की वजह से होती है। ये रोगाणु इतने छोटे होते हैं कि हम इन्हें देख नहीं सकते। मलेरिया से ग्रसित मरीज को बुखार, कंपकंपी, पसीना आना, सिरदर्द, शरीर में दर्द, जी मचलना। समय पर सही इलाज न कराने पर इसके मरीज की जान पर खतरा भी बन जाता है।

### ऐसे फैलता है डेंगू

-डेंगू के सबसे ज्यादा मामले बरसात के मौसम में देखने में आते हैं।
-डेंगू फैलानेवाले मच्छर दिन में काटते हैं। ये ज्यादातर घुटनों के नीचे काटते हैं।
-डेंगू मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते हैं।
-कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को डेंगू आसानी से हो जाता है।

### ये रखें सावधानियां

-घर के अंदर और आस-पड़ोस में पानी जमा न होने दें।
-पानी के बर्तन को खुला न रखें।
-किचेन और वाशरूम को सूखा रखें।
-कूलर का पानी सुबह-शाम बदलते रहें।
-खिड़कियों और दरवाजों में जाली लगवाएं।
-शरीर को पूरी तरह से ढंकनेवाले कपड़े पहनें।
-सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।
-घर के आसपास मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव करवाएं।

### प्रौढ़ को सांप ने काटा, अस्पताल में भर्ती

**विजयराघवगढ़।** बरसात में सर्प दंश की घटनाएं सामने आने लगी हैं। ग्राम कारीतलाई निवासी युवक को सर्प ने काट लिया। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कारीतलाई निवासी भूरेलाल रजक घर में कुछ काम कर रहा था तभी उसे सर्प ने काट लिया। सर्पदंश का शिकार हुए युवक को सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत पिपरवाह में नेत्र शिविर हुआ संपन्न

**अमानगंज ।** तहसील क्षेत्र के पड़ोसी गांव पिपरवाह मे आज नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें स्थानीय और क्षेत्रीय जनता की आंखों की जांच शिविर में पहुंचे चित्रकूट से पहुंचे आंखों के चिकित्सको ने जांच करने के साथ ही आंखों के ऑपरेशन की डेट दी है सभी के लिए सुरक्षित करते हुए मौके पर चश्मा और आवश्यक जुड़ी वास्तु और दवाइयां का वितरण भी किया इस मौके पर स्थानीय एवं क्षेत्रीय पार्टी कार्यकर्ताओं का सहयोग देखने को मिला1

### विद्यालय परिसर हुआ जलमग्न, सरपंच उप यंत्री की लापरवाही आई सामने

**पन्ना।** जिले की पवई जनपद पंचायत अंतर्गत अंतर्गत ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मेन गेट पर पंचायत द्वारा स्कूल की बाउंड्री के बगल में नाली ना बनाए जाने के कारण विद्यालय परिसर तालाब की तरह भर गया है तथा पूरा परिसर जलमग्न हो गया है जिससे छात्र छात्राओं का स्कूल पहुंचना संभव नहीं है यह स्थिति इसलिए निर्मित हुई है क्योंकि सरपंच तथा उपयंत्री ने नाली का निर्माण सही ढंग से नहीं किया है अभी तो केवल बारिश के मौसम की शुरुआत हुई है अभी तो। पूरा सीजन रखा हुआ है नाली का निर्माण पश्चिम दिशा की ओर होना था उस नाली को पूर्व की ओर बना दिया जिस नाली को नहीं बनना था।

सांसद की अध्यक्षता में चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम एवं मिनीकिट बीज वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

# स्वास्थ्य, पयार्वरण एवं मृदा उर्वरता को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती करें-सांसद

### 1000 से अधिक कृषकों को बाटें गए निःशुल्क बीज मिनी किट




**दमोह।** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में हिंडोरिया विकासखंड दमोह में चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम एवं मिनीकिट बीज वितरण कार्यक्रम का विशाल शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री लोधी ने कहा स्वास्थ्य, पयार्वरण एवं मृदा उर्वरता को बनाए रखने के लिए किसान बंधु प्राकृतिक खेती करें। उन्होंने कहा देसी गाय के गोवर और गौमूत्र से जीवामृत एवं घन जीवामृत तैयार कर एक देसी गाय से 30 एकड़ तक प्राकृतिक खेती की जाति की जा सकती है जिसमें उत्पादन में कोई प्रभाव नहीं पड़ता, लागत भी काम आती है, उत्पादन उच्च गुणवत्ता के होते हैं तथा पोषण से भरपूर होते हैं जिससे हमारा स्वास्थ्य मृदा का स्वास्थ्य एवं पर्यावरण का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता हैं। उन्होंने कहा मिनीकिट का वितरण हो रहा है, वह उन्नत किस्म का बीज है जिसका उपयोग किसान बंधु परंपरागत बीज को बदलने के लिए उपयोग किया जाए। साथ ही सांसद श्री लोधी ने ड्रोन के उपयोग के बारे में कृषकों को जानकारी दी। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि जेएल प्रजापति ने बताया कृषक बंधु डीएपी के स्थान पर डीएपी के विकल्प नैनो डीएपी एन.पी.के.20-20-0-13, 12:32:16,16:16:16 आदि उर्वरकों का उपयोग कर सकते हैं। डीएपी का उपयोग बीज उपचार के लिए रूप में 5 एमएल नैनो डीएपी 1 किलो बीज की दर से इस प्रकार एक बोतल नैनो डीएपी 100 किलो बीज के उपचार के लिए पर्याप्त होती है तथा और अधिक अच्छे रिजल्ट के लिए खड़ी फसल में 35 दिन बाद एक बोतल प्रति एकड़ के दर से 5 एमएल प्रति लीटर पानी के मन से छिड़काव करने से परंपरागत दानेदार डीएपी का उपयोग किए बिना अच्छी फसल की पैदावार की जा सकती हैं। उन्होंने कहा मृदा नमूना कब लेना चाहिए और कैसे लेना चाहिए तथा मृदा परीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार अहिरवार ने कृषकों को समसामयिक विषयों पर जानकारी दी। कृषकों के कृषि से संबंधित प्रश्नों के जबाव दिए तथा ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों खरपतवार नाशकों एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 1000 से अधिक कृषकों को निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए गए।

# पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के जन्म दिवस पर जरारूधाम गौ अभ्यारण में किया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के जन्म दिवस अवसर पर जरारूधाम गौअभ्यारण में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

दमोह नगर के वृद्धाश्रम अपना घर में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटैल ने केक काटकर पंचायत मंत्री श्री पटैल का जन्मदिन मनाया और एक दूसरे को केक खिलाकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनायें प्रेषित की। वृद्धजनों को भोजन कराया गया। डॉ. आलोक गोस्वामी एवं सहयोगियों द्वारा वृद्धाश्रम में पंखों का वितरण किया गया। इसके पूर्व प्रातः समन्ना में पंचायत मंत्री श्री पटैल के जन्मदिन अवसर पर सुशील गुप्ता द्वारा फार्म हाउस पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पं. कमलेशानंद जी महाराज, नरेन्द्र बजाज, डॉ. आलोक गोस्वामी, अनुपम सोनी, पं.सतीश तिवारी, पवन तिवारी, रामेश्वर चौधरी, पं. नरेन्द्र दुबे, कैलाश शैलार, यशपाल सिंह ठाकुर, कमल (राजू) ठाकुर, इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, नीलेश सोनी, गिरजा साहू, वर्षा रैकवार, छाया साहू, नर्मदा सिंह एकता, रमाकांत बाजपेयी, डाँ केदार शर्मा, मोंटी रैकवार, राजेन्द्र चौरसिया, श्याम दुबे, अरूण सोनी, प्रीतम चौकसे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। इसी क्रम में शिव साईं मंदिर बेलाताल टापू में संगीतमय सुदंरकांड का आयोजन भी किया गया।

# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**पथरिया।** विगत दिनों इटावा में हुई यादव भागवत कथा वाचकों को ब्राह्मण समाज द्वारा दुरव्यवहार के संबंध में मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें रामरतन यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद भारत पार्टी,किशनलाल यादव,राजू यादव राहुल यादव, कालूराम यादव,राजेश यादव श्रीराम यादव,जीवनलाल यादव,आकाश यादव सहित समाज के लोग उपस्थित रहें।

# किसानों को उड़द के बीज की मिनीकिट का किया वितरण



**हटा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग हटा द्वारा शनिवार को विकासखंड की ग्राम पंचायत पाली में मिनिकिट योजना के तहत उड़द का बीज वितरण कर किसानों को योजनाओं की जानकारी देते हुए जैविक खेती करने आवश्यक जानकारी प्रदान की। उड़द के बीज की मिनिकिट का वितरण हटा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एमपी सिरवैया द्वारा सरपंच प्रतिनिधि किशोर सिंह यादव एवं पूर्व समिति अध्यक्ष रम्मू पटेल जी के माध्यम से पाली एवं वर्धा गांव के लगभग 200 किसानों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कमल किशोर पटेल, शिवम दुबे, हरेंद्र पटेल, भोलाराम रैकवार उपस्थित रहे।

# छात्र जिले का नाम रोशन करें, मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाएंगे, यह प्रयास रहेगा - कलेक्टर



**दमोह।** जिले के 11 वीं कक्षा में जिन छात्र-छात्राओं के 85 प्रतिशत या उससे ज्यादा मार्क्स आए हैं, उन छात्रों को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने उत्कृष्ट शाला में बुलाकर उनकी परेशानियों और बातों को सुना- समझा, क्योंकि उनका पूरा साल 12 वीं का है, तो इन छात्रों की परेशानियां क्या है, इन छात्रों को पढ़ाई में किस तरह की मदद की जरूरत है, यह सब जानने के लिए लगभग 150 छात्र-छात्राएं पूरे जिले के उत्कृष्ट शाला आए हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने छात्र-छात्राओं से चर्चा की । उन्होंने कहा विषय विशेषज्ञ सभी छात्र-छात्राओं से चर्चा करेंगे और इनकी समस्याएं निकलकर के सामने आएगी। कलेक्टर ने कहा छात्रों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं और अब लगातार मॉनिटरिंग की जायेगी। उन्होंने छात्रो को आश्वासन दिया है, कि किसी भी प्रकार की दिक्कत पढ़ाई में नहीं आने दी जाएगी। छात्रो को हर संभव सहयोग मिलेगा ताकि इस साल के अंत तक और अगले साल जब यह परीक्षा देंगे तो बच्चे जिले का नाम रोशन करेंगे और सब 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करके मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाएंगे, यह प्रयास रहेगा, इस उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई है। ज्ञातव्य है 28 जून 2025 को दोपहर 12:30 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के कंप्यूटर हाल में कक्षा 12 वीं में अध्यनरत ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा 11 वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, ऐसे विद्यार्थियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला सिर्फ कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। कक्षा दसवीं में अध्यनरत हाई स्कूल के प्रखर विद्यार्थियों की कार्यशाला बाद में आयोजित की जायेगी। ऐसे सभी प्राचार्य जिनके विद्यार्थी में ऐसे प्रखर विद्यार्थी हैं, उन्हें कार्यशाला में भेजने का आग्रह है।

# नन्हे जैन मंदिर में आर्यिका संघ के सानिध्य में याग मंडल विधान संपन्न

### कल्याण मंडल विधान आज, आचार्य श्री दीक्षा दिवस कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के मंगल आशीर्वाद तथा आर्यिका तपो मति माता जी के मंगल सानिध्य में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर में त्रिदिवसिय धार्मिक अनुष्ठान आज से प्रारंभ हो गए है। नन्हें मन्दिर जी मे माताजी संघ के सानिध्य में शनिवार प्रातः श्रीजी के अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत श्री याग मंडल विधान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विधान के महापात्राओं के साथ इंद्र इंद्राणी श्रावक जनों ने भक्ति भाव के साथ पूजन करते हुए अर्घ्य चढ़ाए। पं.सुरेश चंद जी शास्त्री एवं अरिंजय वर्धन के साथ प्रतिष्ठाचार्य आशीष अभिषेक शास्त्री के निर्देशन में संगीतमय विधान संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूज्य तपोमती माताजी ने आचार्य गुरु विद्यासागर जी महाराज जी के उपकार को याद दिलाते हुए आषाढ़ पंचमी अवसर पर उनके दीक्षा दिवस के संस्मरण का स्मरण करते हुए सभी से 30 जून को आचार्य छत्तीसी विधान के साथ दीक्षा दिवस समारोह में शामिल होकर गुरु उपकार दिवस मनाने प्रेरित किया।

नन्हे मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला ने बताया कि मन्दिर जी में तीन दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला के दूसरे दिन रविवार 29 जून को प्रातः माताजी के सानिध्य में कल्याण मंदिर विधान का आयोजन भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। 30 जून को भव्य वेदी प्रतिष्ठा एवं पूज्य गुरूदेव संत शिरोमणि विद्या सागर जी का 48वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया जाएगा। नन्हें मंदिर समिति के महामंत्री राजकुमार जैन रानू ने सकल जैन समाज से परिवार

### डकैती के 5 वर्ष पुराने प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा स्थायी वारंटों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश श्री इन्द्रजीत रघुवंशी के 5 वर्ष पुराने प्रकरण में जारी स्थाई वारंटी आनंद कुमार उर्फ लल्लू कुशवाहा पिता वाल्मीकि कुशवाहा निवासी छोटा मानिकपुर थाना नागौद जिला सतना (म.प्र.) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# हटा नगर में पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सांप्रदायिक तनाव जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी को लेकर शनिवार की दोपहर हटा नगर में भोपाल से आई रैपिड एक्शन फोर्स (आएएफ) की 107वीं बटालियन ने हटा पुलिस थाना की पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च कमांडेंट जगदीश प्रसाद भलाई के निर्देशानुसार एवं असिस्टेंट कमांडेंट अभिषेक कुमार यादव के नेतृत्व में 45 सदस्यीय टीम द्वारा पुलिस थाने से प्रारंभ हुआ जो नगर की मुख्य सड़कों से होकर चंडी जी मार्ग से अंधियारा बगीचा होते हुए पुनः पुलिस थाने में समापन हुआ। थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष ने बताया कि इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में नागरिकों को शांति और सुरक्षा का संदेश देना, तथा आएएफ का स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करना है एवं आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और पुलिस-जन सहयोग को बढ़ावा देना है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

# रैपुरा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

**पन्ना।** थाना रैपुरा क्षेत्रांतर्गत निवासरत एक व्यक्ति द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल थाना रैपुरा में अपहरण का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पन्ना पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर विशेष टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों, जैसे आसपास के जिलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल, आदि में गहन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। साथ ही संभावित मार्गों के सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगाल कर सुराग एकत्रित किए गए। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप सूचना प्राप्त हुई कि अपहता बालिका बांदकपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में देखी गई है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आज दिनांक 27.06.2025 को बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। दस्तयाबी उपरांत नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की गई। इसके पश्चात बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# श्री बाँके विहारी जी की रथ यात्रा निकाली



**हिंडोरिया।** भगवान श्री बाँकेविहारी जी की रथ यात्रा भव्यता के साथ शाम को मंदिर से प्रारंभ होकर नगर में निकली। तेज बारिश भी भक्तगणों व नगर बसियो के उत्साह व श्रद्धा में रुकावट नही बनी। श्री बाँकेविहारी जी व राधारानी जी ने ख़रिका मुहल्ला ,उपाध्याय वार्ड,मुख्य बाजार, नन्हीं माता व मुकरबा मुहल्ला में भक्तजनों को दिव्य दर्शन प्रदान किये।एवं रात्रि में शिवराम सोनी के निवास स्थल पर प्रवास किया। 28 जून को रथयात्रा शाम को नगर आगे भ्रमण प्रारंभ हुआ। प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमाकांत ताम्रकार, कोमल साहू, एडवोकेट कृष्णकांत ताम्रकार, एडवोकेट शरद प्यासी, एडवोकेट संजय अग्रवाल, रामगोपाल साहू, भागवत साहू, सीताराम साहू, चंद्रकांत ताम्रकार, रामस्वरूप ताम्रकार, कालूराम सोनी, गगन रैकवार, उमाशंकर चौरसिया, नंदू चौरसिया, राहुल नेमा,अश्विनी चौबे, संजय ताम्रकार, कमलेश नामदेव, लखन चौरसिया, मकसूदन बाबा एवं समस्त ग्राम वासियो का सक्रिय योगदान रहा।

### सत्संग में वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है-कथा व्यास

# भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बुंदेलखंड की प्रसिद्ध नगरी बांदकपुर धाम में देव श्री जागेश्वर नाथ मंदिर में तिवारी परिवार समस्त जुझार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन में कथा व्यास श्री वीरेंद्र शास्त्री जी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराई जा रही है और बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित हो रहे हैं कथा व्यास श्री वीरेंद्र शास्त्री जी ने कहा की मनुष्य जीवन में जाने अनजाने में प्रतिदिन कई पाप होते है उनका ईश्वर के समक्ष एक मात्र प्रयश्चित करना ही एक मुक्ति पाने का उपाय है उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आवाहन किया जीवन मे सत्संग व शास्त्रों में बताएँ आदेशों का श्रमण करने का आवहन करते हुये कहा की सत्संग में वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है व्यक्ति को अपने जीवन मे कोध, मोह, लोभ अभिमान आदि का त्याग कर श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए और प्रहलाद चरित, एवं राम जन्म, कृष्ण अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुये कहा की भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है और बड़ी धूमधाम के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया साथ ही नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जय करो के साथ गूंज उठा और बड़ी संख्या में ढोल नगाड़ों की धुन पर भक्त झूमते नाचते रहे कथा यजमान पुत्री आराधना तिवारी, श्री लोकेंद्र संतोषी तिवारी है इस अवसर पर द्वारका प्रसाद तिवारी, उषा तिवारी, लोकेंद्र तिवारी,संतोषी तिवारी, दीपेंद्र तिवारी, तेजेंद्र तिवारी, अनुज तिवारी, अनुराधा तिवारी, दिव्यांश तिवारी, सारांश तिवारी, प्रभुदायल तिवारी, माया तिवारी, संजय तिवारी, ममता तिवारी, गणेश मिश्रा, मेघा मिश्रा, मनोज मिश्रा, भावना मिश्रा, मनसा मिश्रा, ओम मिश्रा, गोविंद मिश्रा, शिव मिश्रा, प्रद्युम्न मिश्रा, महिमा मिश्रा, बबलेश मिश्रा, मनु मिश्रा, धर्मेन्द्र गौतम, मनीषा गौतम, दीपिका गौतम, परी गौतम, गोरी गौतम, देवी चौबे, नीतू चौबे, विनोद दुबे, पूनम दूबे, हेमेंद्र असाटी राजन,वंदना असाटी, खिलान महोबिया नीरज महोबिया, कड़ोरी सेन आदि की उपस्थिति रही।

# तीन अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह ।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक अजय रजक पिता हल्काई रजक निवासी ग्राम हटरी थाना नोहटा को आगामी 01 माह अर्थात 30 दिवस की कालावधि के लिये, अनावेदक लकी ऊर्फ एजाज पिता अमजद खान निवासी करके मुहल्ला दमोह थाना कोतवाली तथा अनावेदक आरिफ ऊर्फ लाल टमाटर पिता अल्ताफ खान निवासी वार्ड नं.-02 पथरिया थाना पथरिया को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर की सीमाओं से निष्कासित कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चला जाये एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदकों को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदकों थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देगा तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदकों के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

# भव्यता से निकाली गई रथ यात्रा



**पथरिया।** जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा जगदीश शाला से शुरू होकर नगर के मुख्य चौराहो-तिराहों से होकर जनकपुर मुहल्ला पहुंची। विगत एक माह से रथ यात्राओं की तैयारी की जा रही थी, जगदीश स्वामी मंदिर जगदीश शाला से भव्यता डीजें गाजे बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली गई।

### वरना... लापरवाह शिक्षकों का आधे दिन का वेतन काटा जाएगा

# एक जुलाई से शिक्षकों को एप पर घंटे भर के अंदर ऑनलाइन देना होगी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह/हटा

शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग नित नए-नए नवाचार कर सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों के लचर सिस्टम को सुधारने पर फोकस कर रहा है। इसी कड़ी में शिक्षकों को अब ₹हमारे शिक्षक₹ एप पर एक घंटे के अंदर ऑनलाइन तरीके से उपस्थिति देना अनिवार्य होगा।

बीआरसी एमएल अहिरवार ने बताया कि एप को लेकर विभाग द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके अलावा शासन ने शिक्षकों को स्कूल में ही विद्यार्थियों के बीच मोबाइल से सेल्फी फोटो लेनी होगी, तब कहीं जाकर उनको वेतन मिल पाएगा। इस एप पर शिक्षकों को संबंधित शाला के शुरू होने के एक घंटे के अंदर उपस्थित दर्ज करानी होगी। वहीं छुट्टी के भी आधे घंटे बाद शाला छोड़ते समय एंट्री करनी होगी। इस समय के बाद यदि कोई शिक्षक अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है तो उसका आधे दिन का अवकाश माना जाएगा। समय से उपस्थिति दर्ज न कराने वाले शिक्षकों के आधे दिन के अवकाश का समायोजन उन्हें मिलने वाले आकस्मिक एवं ऐच्छिक अवकाश में से किया जाएगा।

### पहले भी हुए प्रयास

विदित हो कि शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए विभाग द्वारा पूर्व में भी प्रयास किए गए हैं। मोबाइल एप के अन्य माध्यमों से हुए यह प्रयास सफल नहीं हुए हैं। कहीं पर नेटवर्क समस्या तो कुछ स्थानों पर सही जीपीएस सिस्टम काम न करने से यह व्यवस्था बंद करनी पड़ी। अब हमारे शिक्षक एप कितना प्रभावी होता है, यह समय आने पर पता चलेगा।

### डीपीआई कमिश्नर भोपाल ने जारी किए आदेश

बीआरसी एमएल अहिरवार ने बताया कि शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए एक बार फिर से लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने निर्देश जारी किए हैं। इस बार यह काम शिक्षकों के लिए विभाग द्वारा तैयार किए गए हमारे शिक्षक एप से किया जाएगा। यह व्यवस्था ट्रायल के तौर पर 23 जून से शुरू हो गई है जो 30 जून तक चलेगी और इसके बाद 1 जुलाई से इसे नियमित किया जाएगा। इसके साथ ही इस एप पर शिक्षकों को अन्य सुविधाएं भी मिलेगी। विभाग की आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। जिसमें बताया गया है कि हमारे शिक्षक एप का ट्रायल 23 से 30 जून तक किया जाएगा। इसके बाद 1 जुलाई से इसे नियमित किया जाएगा। इस एप के बाद अब शिक्षकों को अपने स्वत्वों से संबंधित आवेदन देने, उनके हितलाभ की जानकारी, उनका संधारण, व्यक्तिगत लाभ एवं स्वत्वों के भुगतान की भी सुविधा होगी। इसी एप के माध्यम से अब शिक्षकों ने तैयारीयां शुरू कर दी है।



### ई अटेंडेंस के विरुद्ध शिक्षक कर्मचारी संगठनों ने दिया धरना

**दमोह।** अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी की जाने वाली ई अटेंडेंस के विरुद्ध में दमोह जिले के लगभग सभी शिक्षक कर्मचारी संगठन द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के लिए ज्ञापन दिया गया ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों पर लागू की जा रही कि ई अटेंडेंस को लागू नहीं करना है ज्ञापन देने वाले अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के समस्त पदाधिकारी जिले की समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे मुख्य रूप से ज्ञापन देने वालों में सत्यनारायण तिवारी, सुरेंद्र राय, पवन खरे, नीरज पांडे, ताहिर खान, संजीव तिवारी, विष्णु शर्मा, भावना पांडे, परमेंद्र जैन, आसिफ अंजुम, रिंकी ठाकुर, रीता मारिया, कश्यप निलेश जैन, देवेंद्र ठाकुर, परम् सिंह ठाकुर, आशुतोष गौतम शामिल रहे।

## 33 केवी लाइन में फॉल्ट से 41 गांवों में 16 घंटे बिजली रही बंद

**बनवार।** शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात करीब 7 बजे हल्की वारिश का दौर शुरू हुआ था इससे कुलुआ के बीच 33 केवी लाइन में फॉल्ट आ गया। फॉल्ट के कारण बनवार विद्युत स्टेशन से जुड़े 41 गांवों में अंधेरा छा गया। शनिवार की दोपहर बिजली कंपनी के कर्मचारियों की मशक्कत के बाद फॉल्ट सुधारा और 12 बजे बिजली आई। इस कारण क्षेत्र के ग्रामीण भीषण गर्मी व उमस से बेहाल होते नजर आए। 33 केवी लाइन में फॉल्ट होने से रोड़ बनवार क्षेत्र के स्टेशन से जुड़े गांवों में ब्लेक आउट हो गया। हल्की बारिश के साथ ही बिजली गुल होने की समस्या के कारण विद्युत स्टेशन से जुड़े 41 गांवों में ग्रामीणों का हाल बेहाल हो गया। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया 33 केवी लाइन में फॉल्ट आया। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने मेंटेनेंस में करीब 16 घंटे बीतने के बाद दूसरे दिन शनिवार के करीब 12 बजे ठीक कर पाए ग्रामीणों का कहना है शुक्रवार को करीब 16 घंटे के बाद शनिवार की दोपहर में बिजली आई। लंबी लाइन नजर आई। ग्रामीणों का कहना है बिजली के अभाव में ग्रामीणों का भीषण गर्मी व उमस के कारण हाल बेहाल हो गया। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को आई। बनवार विद्युत वितरण केंद्र के जेई विश्वास मिश्रा का कहना है 33 केवी लाइन में फाल्ट बनने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई थी। विद्युत कर्मचारियों द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद सुधार कार्य के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई है।

## घंटों चला गुहा को देखने का तमाशा, अंतत: मार गिराया



**पटेरा।** नगर के मुख्य बस स्टेण्ड में मार्केट के ऊपर एक गुहेरा (गुहा) को देख सैकड़ो तमाशबीन जमा हो गये। विषैली माने जानी वाली गुहा के बार बार वहीं घूमने से तमाशबीन तो जमा रहे पर भय का माहौल भी बना रहा। अंततः उसे मार दिया गया तब लोगो में शांति का माहौल बना। करीब तीन घंटे से अधिक उक्त माहौल बना रहा।

## पंचायत मंत्री प्रहलाद के जन्मदिन में रोपे 65 फलदार पौधे व 65 स्कूलों में ट्री गार्ड सहित पौधे बाँटें



**दमोह।** पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के 65 वें जन्मदिन के अवसर पर बादँकपुर रोड स्थित माँ नर्मदा एग्रो में टाईम्स परिवार व बेलाताल स्वच्छता अभियान समिती के द्वारा 65 फलदार पौधो का रोपण किया गया। साथ ही 65 स्कूलो में ट्रीगार्ड सहित पाँच-पाँच पौधे लगाने का कार्य करैया भदोली सामूदायिक भवन के प्राँगण से प्रांरभ किया गया। इस अवसर पर बेलाताल स्वच्छता समिती से सुशील सोनी,ब्रजेश गुप्ता,हेमंत जैन,टाईम्स परिवार से डॉ सुशील गुप्ता, प्रियांश गुप्ता,शरद गुप्ता,जरारूधाम गौशाला से नरेन्द्र बजाज, कविता बजाज, सुनीता गुप्ता, संरपच गंगाराम लोधी, पूरन सिंह, आलोक गोस्वामी, पप्पू पटवारी , लांयस क्लब दमोह से अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सुधीर असाटी , राजेन्द्र अग्रवाल, निशांत चैरसिया , अभिशेक गोयल, एंव करैया सरपंच परमलाल पटेल , राज कुमार पटेल , रोहित पटेल सभी ने वृक्षारोपण करके मानीय प्रहलाद पटेल के जन्मदिन पर शुभकामनायें प्रेषित की। साथ ही माँ नर्मदा एग्रो के संचालक ओम गुप्ता ने उपस्थित सभी अतिथियों को मुनगा, आम एवं ऑवला के पौधे भेंट स्वरूप प्रदान किये एवं सभी का आभार व्यक्त किया ।

## आचार्य अभ्यास मासिक बैठक का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

एकल अभियान एक विद्यालय संघ पटेरा द्वारा 28 जून को मासिक आचार्य अभ्यास की बैठक का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर पटेरा में रखा गया जिसमें समस्त आचार्यो एव अंचल दमोह से श्रीमति शांति पटैल संभाग महिला प्रमुख, प्रशिक्षण प्रमुख गजेन्द्र यादव, संघ व्यास कैलाश शरण एवं समिति अध्यक्ष मोहन ताम्रकार, सचिव प्रकाश गुप्ता, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी निरन सिंह आचार्य, संघ प्रमुख राजेन्द्र दुबे, संघ महिला अध्यक्ष श्रीमति वंदना विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। अध्यक्षता समिति के संरक्षक हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेन्द्र बजाज ने की। संभाग महिला प्रमुख ने दमोह में आयोजित होने वाली श्री राम कथा के लिये सभी से तन मन धन से सहयोग करने सहित आमंत्रित किया। अध्यक्ष सचिव एवं प्रा शिक्षा प्रभारी ने सभी आचार्यो से लगन से कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया। सभी अतिथियों और कार्यक्रम अध्यक्ष ने वन बंधु परिषद से प्राप्त सामग्री का सभी को वितरण किया। अंत में आभार संघ प्रमुख राजेन्द्र दुबे ने माना।

